दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 270 | इंदौर, सोमवार 10 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

हिमालय के चार सबसे बड़े दिव्य धामों में के कपाट खुलने की तिथियां

श्री बदरीनाथ धाम जी :- 27 अप्रैल
श्री केदारनाथ धाम जी :- 25 अप्रैल
श्री गंगोत्री धाम जी :- 22 अप्रैल
श्री यमुनोत्री धाम जी :- 22 अप्रैल

चारधाम के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। दर्शनार्थ हेतु सभी श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

## Headline

- **Jharkhand:** जमशेदपुर में धार्मिक झंडे के अपमान को लेकर फिर भड़की हिंसा, उपद्रवियों ने कई दुकानों को फूंका
- **आज छत्तीसगढ़ बंद:** विश्व हिंदू परिषद के आह्वान पर BJP समेत कई संगठन सड़क पर उतरे, राष्ट्रपति शासन की मांग
- **Haryana:** सोनीपत में धार्मिक स्थल में घुसे हथियारबंद युवक, लाठी-डंडों से किया हमला, जमकर हुई तोड़फोड़
- **Air India:** लंदन जा रही फ्लाइट में शख्स ने क्रू के साथ की हाथापाई, दो चोटिल; दिल्ली लौटा विमान, यात्री को उतारा
- **UP Nikay Chunav:** नए चक्रानुक्रम में बढ़ीं महिलाओं की 35 सीटें, 4.32 करोड़ मतदाता कर सकेंगे अपने मत का प्रयोग

# मध्य प्रदेश में बढ़ रहा कोरोना संक्रमण

## 47 लाख लोगों ने नहीं लगवाई दूसरी डोज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश में बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण के बीच दोहरी चुनौती है। एक तो यह कि लोग बीमारी को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। किसी तरह की सावधानी नहीं बरत रहे हैं। दूसरी यह कि 12 वर्ष के ऊपर की छह करोड़ 39 लाख आबादी में पांच करोड़ 92 लाख यानी 94 प्रतिशत को ही दोनों डोज लगी हैं। सतर्कता डोज की स्थिति तो और खराब है।

### 25 प्रतिशत ने ही सतर्कता डोज लगवाई

18 वर्ष से अधिक के लोगों में एक करोड़ 36 लाख यानी 25 प्रतिशत ने ही सतर्कता डोज लगवाई है। नौ फरवरी तक सरकारी अस्पतालों ने निश्शुल्क टीका लगाया जा रहा था तो भी लोग टीका लगवाने के लिए आगे नहीं आ रहे थे। अब भारत सरकार ने निश्शुल्क टीका देना बंद कर दिया, इसलिए प्रदेश में कहीं भी सरकरी अस्पताल में टीका नहीं लग रहा है।

### निजी अस्पतालों में सशुल्क टीकाकरण

कुछ निजी अस्पतालों में टीका सशुल्क टीका लगाया जा रहा है। हर दिन 10 से 15 लोग टीका लगवा रहे हैं। प्रदेश में 12 से 17 उम्र वर्ग के लोगों की संख्या 90 लाख है। इनमें 74 लाख 70 हजार लोगों को पहली और 68 लाख 40 हजार को दोनों डोज लगी हैं। इनमें ज्यादातर वह हैं जो स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में मरीज बढ़ने पर इनके संक्रमित होने का खतरा ज्यादा है।

### 10 जिलों में पहुंचा संक्रमण

प्रदेश में कोरोना मरीजों की संख्या पिछले 10 दिन से 25 से ऊपर बनी हुई है। शनिवार को प्रदेश के 10 जिलों में इसके 32 मरीज मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा नौ भोपाल के हैं। इसके बाद इंदौर में छह, जबलपुर में पांच, नर्मदापुरम में तीन, ग्वालियर, सतना और रायसेन में दो-दो, दतिया, खंडवा और उज्जैन में एक-एक मामला सामने आया है। शुक्रवार को भी 32 मामले सामने आए थे। अब सक्रिय मरीजों की संख्या 170 है, इनमें पांच का भोपाल के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। बाकी होम आइसोलेशन में हैं।

# महापौर द्वारा रानी बाग कॉलोनी रहवासियों से चर्चा

## आगामी 3 माह होगी रानी बाग कॉलोनी वैध- महापौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज रानी बाग कॉलोनी के साथ रहवासियों से चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व आईडीए अध्यक्ष श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद सदस्य श्री अभिषेक शर्मा बबलू, श्री राजेश उदावत दावत, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती प्रियंका चौहान, पूर्व पार्षद श्री पुष्पेंद्र सिंह चौहान, रानी बाग रहवासी संघ के श्री नरेंद्र सलूजा, श्री नानक सिंह, श्री धनक पाल, श्री अरविंद उपाध्याय एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।**

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा रानी बाग कॉलोनी के रहवासियों से चर्चा की गई रहवासियों ने बताया कि रानी बाग पूर्व में पंचायत के अधीन आता था एवं वेध कॉलोनी थी किंतु नगर निगम सीमा में आने के बाद यह अवैध कॉलोनी की सूची में है जिसके कारण यहां पर विकास कार्य प्रभावित हो रहा है।

### बिजली के बकाया बिलों की भुगतान पर चर्चा

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा रहवासियों से की गई चर्चा के क्रम में अपर आयुक्त श्री मनोज पाठक को आगामी 3 माह में रानी बाग कॉलोनी को अवैध से वैध करने की संपूर्ण प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करने के संबंध में निर्देश दिए गए। इसके साथ ही क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की समस्या पर महापौर द्वारा रह वासियों को रहवासी संघ के माध्यम से ही स्टेट लाइट की समस्या एवं बिजली के बकाया बिलों की भुगतान के संबंध में भी चर्चा की गई।

### स्टाम वाटर लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ा जाए

इसके साथ ही रानी बाग कॉलोनी रहवासी संगठन द्वारा बताया गया कि रानी बाग के मुख्य मार्ग पर स्थित स्टाम वाटर लाइन को मुख्य स्टॉर्म वाटर लाइन से जोड़ा जाए ताकि वर्षा काल के दौरान पानी भरने की समस्या से निजात मिल सके। इसके साथ ही डैमेज की मेन लाइन का काम भी शीघ्र शुरू करने की भी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इस मौके पर रहवासी संगठन द्वारा बताया गया कि रानी बाग कॉलोनी के मुख्य रोड का निर्माण भी आवश्यक है, इस पर महापौर जी द्वारा जनभागीदारी से सड़क निर्माण करने की घोषणा की गई।

### वृहद स्तर पर क्षेत्र में पौधारोपण करें

इस अवसर पर महापौर श्री भार्गव ने कहा कि नगर निगम स्वच्छता में नंबर वन है इसी प्रकार स्वास्थ्य में भी नंबर वन हो इसके लिए आप सभी लोग योग अभ्यास के साथ वृहद स्तर पर क्षेत्र में पौधारोपण करें। साथी नर्मदा का जो महंगा पानी इंदौर में आता है उसका सदुपयोग करें और जल संरक्षण हेतु अभियान चलाएं।

# साई पालकी यात्रा में निकली झांकियों की तुलसी अवार्ड से किया सम्मानित

● केंद्रीय साई सेवा समिति ने खंडवा रोड साई मंदिर पर किया सम्मान समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। केंद्रीय साई सेवा समिति ने आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मुख्य आतिथ्य में खंडवा रोड स्थित साई मंदिर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया । इस मौके पर श्री रामनवमी पर साई महोत्सव पर निकली भव्य झांकियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

संस्था महासचिव अशोक गोयल ने बताया कि 31 हजार रु. का पहिला पुरुस्कार किशोर धारकर को 23 हजार और 12000 रु का तीसरा पुरुस्कार धीरज गोयल को प्रदान किया गया। इस मौके पर चावड़ा ने प्रभात फेरी वाले को भी सम्मानित किया गया। अशोक गोयल ने बताया की अगले वर्ष श्री रामनवमी पर आईडीए भी झांकी निकाले इस मांग को आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने स्वीकार कर लिया। इस मौके पर हरि अग्रवाल,गोतम पाठक , आलोक खादीवाला,अय्यर और जगमोहन वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मेरी मावस बन गई पूर्णिमा का लोकार्पण 13 अप्रैल को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति एवं लेखक डॉ. उमराव सिंह चौधरी की कविताओं के संकलन मेरी पावस बन गई पूर्णिमा का लोकार्पण 13 अप्रैल,गुरुवार को शाम 6 बजे प्रीतम लाल दुआ सभागृह में होगा। यह जानकारी देते हुए सयोजक प्रो. शोभा वैद्य ने बताया कि लोकार्पण समारोह पूर्व राज्यपाल व्ही . एस . कोकजे के मुख्य आतिथ्य में एवं वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर की अध्यक्षता में होगा। समीक्षक होगें पूर्व प्राचार्य एवं उपन्यासकार डॉ. कला जोशी और साहित्यकार हरेराम वाजपेई। पाठकीय दृष्टि रखेंगे मनोज वैद्य। सूत्रधार होगी श्रीमती लिली संजय डावर। गौरतलब है कि डॉ. चौधरी वरिष्ठ शिक्षाविद होने के साथ एक अच्छे लेखक है और स्कूल और उच्च शिक्षा से संबंधित उनकी 12 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

## दो बार समय सीमा गुजरने के बावजूद रोड का कार्य अब भी आधा-अधूरा

### 31 मार्च तक होना था काम पूरा, जो अब भी अधूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जवाहर मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए सरस्वती नदी किनारे लिंक रोड बनाया जा रहा है। जवाहर मार्ग से चंद्रभागा पुल तक बन रहे रोड का काम लगभग पूरा हो गया है, किंतु तीन मकान और भेरू बाबा का मंदिर न हटने से रोड का काम अधूरा है। इसे पूरा करने के लिए स्मार्ट सिटी कंपनी के अफसरों को 31 मार्च 2023 तक का समय दिया गया, लेकिन तय समय में काम पूरा नहीं हुआ। कंपनी की लेटलतीफी जनता पर भारी पड़ रही है। आमजन के लिए रोड पर से ट्रैफिक कब शुरू होगा, इसका जवाब जिम्मेदार अफसरों के पास नहीं है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल और आईएसबीटी को पूरा करने में जुटा आईडीए

## 1400 मैट्रिक टन के विशाल स्टील स्ट्रक्चर को लगाने में छूटे पसीने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** प्राधिकरण द्वारा अपने दो प्रोजेक्टों को जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके सिविल वर्क भी लगभग खत्म हो गए हैं। पिपल्याहाना में स्टेडियम की जमीन पर प्राधिकरण अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल बनवा रहा है, जिसका निर्माण पूरा हो रहा है। अभी वॉटर प्रूफिंग सहित छोटे-मोटे काम बचे हैं और फिर स्वीमिंग पुल को भरकर उसकी टेस्टिंग की जाएगी। लगभग 5 लाख लीटर पानी की आवश्यकता प्राधिकरण को स्वीमिंग पुल भरने में लगेगी। वहीं दूसरी तरफ कुमेडी में आईएसबीटी का निर्माण चल रहा है, जिसमें 1400 मैट्रिक टन के विशाल स्टील स्ट्रक्चर को लगवाने में समय के साथ पसीने भी छूट रहे हैं। अब दो कारखानों में ये स्टील स्ट्रक्चर तैयार करवाए जा रहे हैं। कुछ लग भी गए हैं, लेकिन अभी दो माह का समय और इस कार्य में लगेगा।

पिछले दिनों अध्यक्ष और सीईओ आरपी अहिरवार ने पीथमपुर की फैक्ट्री जाकर इन स्ट्रक्चरों के निर्माण की प्रक्रिया को भी समझा और फिर उसे अलग-अलग हिस्सों में बनवाने की सलाह भी दी। अभी चार स्ट्रक्चर लग गए हैं और पांच और शेष हैं। इसके बाद सौंदर्यीकरण, फर्नीचर सहित अन्य कार्य भी किए जाना हैं। एक फुट ओवरब्रिज भी बनेगा, जो इस आईएसबीटी को मेट्रो स्टेशन से जोड़ेगा। वेटिंग हॉल, रेस्टोरेंट, विशाल पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं यहां रहेगी। दूसरी तरफ पिपल्याहाना में फाइव स्टार होटल एसेंशिया के नजदीक प्राधिकरण अंतर्राष्ट्रीयप्राधिकरण अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पुल भी बना रहा है।

ड्राइंग-डिजाइन इंटरनेशनल स्वीमिंग फेडरेशन की अनुमति और मापदण्डों के मुताबिक इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वैसे तो कुछ अन्य गतिविधियां रहेंगी, लेकिन स्वीमिंग पुल की ड्राइंग-डिजाइन इंटरनेशनल स्वीमिंग फेडरेशन की अनुमति और मापदण्डों के मुताबिक ही तैयार करवाकर मौके पर बनाई है। 10 लेन का 80 मीटर लम्बा यह अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पुल निर्मित किया गया है। वहीं डाइविंग पुल और एक ट्रेनिंग के लिए भी अलग से सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्वीमिंग पुल का भी सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है। वॉटर प्रूफिंग सहित कुछ काम अभी चल रहे हैं और उसके बाद फिर इस विशाल स्वीमिंग पुल को सैंकड़ों टैंकरों से भरा जाएगा, ताकि टेस्टिंग की प्रक्रिया की जा सके स्वीमिंग पुल में 5 लाख लीटर पानी लगेगा, जिसके लिए नगर निगम के लिए बल्क कनेक्शन भी मांगा गया है।

### रविवार को अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा श्री राम रथ यात्रा निकली

# युवा राजपूत सम्राट सेना द्वारा भव्य श्री राम रथयात्रा का स्वागत किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सम्राट सेना अध्यक्ष गोविंद सिंह सिसोदिया अखिल भारत हिंदू महासभा नगर अध्यक्ष सुनील सिंह सोलंकी ने बताया कि यात्रा भवानी नगर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्री राम भक्त उपस्थित थे यात्रा भवानी नगर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्री राम भक्त उपस्थित थे यात्रा गाजे बाजे बगियो के साथ भव्य रूप लेते हुए निकली भक्तों ने हिंदू राष्ट्र का संकल्प लेते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए। साथ ही युवा राजपूत सम्राट सेना ने हर घर महाराणा प्रताप जी का स्मृति चिन्ह पहुंचाने का जो संकल्प लिया है उसमें आज राजीव सिंह चौहान का जन्मदिन मना कर 101 घर महाराणा प्रताप जी का मोमेंटो भी पहुंचाया और आगे भी निरंतर राणा प्रताप जी का मोमेंटो हर घर पहुंचे इसी उद्देश्य से संगठन ने संकल्प लिया।

# वाट्सएप पर बिजली बिल प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ

### चैटबोट से आपूर्ति संबंधित शिकायत निवारण की सुविधा भी जल्द मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने शनिवार से उपभोक्ताओं के वाट्स एप नंबर पर बिजली देना प्रारंभ कर दिया है। वाट्सएप सुविधआ के लिए अभी तक तैतीस लाख उपभोक्ताओं के नंबरों पर पुष्टि की जा चुकी है। बिजली कंपनी ने सबसे पहले वाट्स एप पर वेलकम मैसेज दिया, इसके बाद 8 अप्रैल शाम से वाट्सएप पर बिजली बिल प्रदान करना प्रारंभ कर दिया हैं। बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि नई व अत्याधुनिक सुविधा की तैयारी कई कंपनी के आईटी डिपार्टमेंट में कई सप्ताह चली। अब वाट्सएप पर बिल मिलना प्रारंभ हो गए। बिजली बिल के एनजीबी सिस्टम से वाट्सएप को तकनीकी रूप से जोड़ दिया गया है। जैसे ही बिल जनरेट होगा, कुछ समय बाद संबंधित उपभोक्ता के मोबाइल पर रंगीन बिल दिखाई देने लगेगा। श्री तोमर ने बताया कि वाट्सएप पर चैटबोट सुविधा भी रहेगी। वर्तमान रीडिंग के ताजा बिल के अलावा पुराने बिल , दो वर्ष में बिजली खाते में किए गए भुगतान एवं मिली सब्सिडी की पासबुक भी मिलेगी। इसके अलावा वाट्सएप पर ही फ्यूज ऑन कॉल यानि बिजली बंद होने की शिकायत दर्ज होने की सुविधा भी मिलेगी। कुछ दिनों बाद अन्य सुविधाएं बिजली उपभोक्ताओं को वाट्सएप पर उपलब्ध होगी।

# निरस्त हुई परीक्षाओं का नहीं आया नया टाइम टेबल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पिछले दिनों महावीर जयंती के चलते सरकार ने पांचवी व आंठवी की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया। हालांकि इसके पहले कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया लेकिन इसके बाद से ही पालकों के चेहरे पर चिंता की लकीरें बन गई है। प्रदेश में 1 अप्रैल से ही नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है लेकिन अभी तक परीक्षाएं पूरी नहीं हो पाई है। राज्य शिक्षा केंद्र ने भी अभी तक इसका नया टाइम टेबल तय नहीं किया है।

मध्यप्रदेश में पांचवी और आठवीं की परीक्षा चल रही है। सोमवार 3 अप्रैल को गणित का पेपर होना था। इस बीच राज्य शिक्षा केंद्र की तरफ से अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित करने का का आदेश जारी कर दिया गया। आदेश में परीक्षा की अगली तारीख जल्द जारी करने की जानकारी दी गई है। नया शिक्षण सत्र शुरु हो चुका है ऐसे में पालकों के भी चिंता सता रही है क्योंकि जब तक परीक्षा पूरी नहीं होगी तो मूल्यांकन कैसे शुरू होगा और कब परिणाम घोषित होंगे पता नहीं।


सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे
फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार
मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों
ऐसे चलता है ठगी का धंधा
मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर
DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

पंडित मिश्रा के कथा स्थल पर जमकर मारपीट

# महिला पुलिसकर्मी से भिड़ीं बाउंसर, दोनों पक्षों में जमकर चले लात-घूंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में पंडित प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा के आयोजन स्थल की सुरक्षा में जुटी महिला बाउंसर और वहां तैनात महिला पुलिसकर्मी आपस में भिड़ गई। दोनों ने एक-दूसरे के बाल पकड़कर खींचे। वहां मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें अलग किया। इसके बाद एक बाउंसर को पुलिसकर्मियों ने पकड़ा तो विवाद फिर बढ़ गया। दूसरे बाउंसर भी पुलिस से भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना रविवार की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। वहीं एक अन्य वीडियो में एक पुलिसकर्मी कुर्सी लेकर बुजुर्ग के पीछे दौड़ता नजर आ रहा है।



उज्जैन के बडऩगर रोड पर पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का आयोजन हो रहा है। यहां देशभर से भक्त कथा सुनने के लिए आ रहे हैं। मारपीट का ये मामला आयोजन स्थल के सामने बने पुलिस सहायता केंद्र के पास का बताया जा रहा है। हालांकि विवाद का कारण पता नहीं चल सका है। दोनों ही पक्षों ने कोई शिकायत नहीं की है। उज्जैन एसपी सचिन शर्मा का कहना है कि वीडियो सामने आया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्ग के पीछे कुर्सी लेकर दौड़ा पुलिसकर्मी

घटना में एक अन्य वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें एक बुजुर्ग कथा में जाने के लिए मुख्य प्रवेश द्वार के पास से बने रास्ते से निकलने के लिए पुलिसकर्मी से गुहार लगा रहा है। पुलिसकर्मी पहले उसे मना करता है, उसके बाद गुस्से से कुर्सी उठाकर मारने दौड़ता है। हालांकि पुलिस का गुस्सा देख बुजुर्ग ने वापस लौटने का फैसला कर लिया, लेकिन वहां बैठे एक शख्स ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

### पहले भी महिलाओं में भी हुई थी मारपीट-

एक दिन पहले ही कथा में जगह को लेकर महिलाओं का आपस में मारपीट का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें महिलाओं के साथ साथ उनके साथ आए पुरुष भक्त भी विवाद करते नजर आए थे। वीडियो में महिलाओं का ग्रुप आपस में विवाद करते हुए मारपीट करते नजर आया था।

# छिंदवाड़ा और सागर में तेज बारिश, ओले गिरे

## लगातार दूसरे दिन बदला मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। सागर में दोपहर तीन बजे के बाद बादल छाने लगे और आधे घंटे बाद बारिश होने लगी। तेज हवाएं भी चलीं। सागर में कुछ जगह चने के बराबर ओले भी गिरे हैं। भोपाल में भी बूंदाबांदी शुरू हो गई है। छिंदवाड़ा में अमरवाड़ा के छुआ समेत एक दर्जन गांव में ओले गिरे हैं।**

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि रविवार को भोपाल के अलावा नर्मदापुरम संभाग, शिवपुरी, मंडला, बालाघाट, बैतूल, खंडवा, खरगोन, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिले में हल्की बारिश हो सकती है। 10 अप्रैल से मौसम में सुधार होगा और धूप निकलेगी। हालांकि, 15 अप्रैल तक ट्रफ लाइन और चक्रवात का असर है। इसलिए पारा तो नहीं बढ़ेगा। भोपाल में शनिवार को तेज बारिश और आंधी के साथ ओले भी गिरे थे।

### ● इसलिए बदला मौसम

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि सेंट्रल राजस्थान पर चक्रवात एक्टिव है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। यह महाराष्ट्र के मध्य क्षेत्र से लेकर तमिलनाडु तक गुजर रही है। यही कारण है कि बंगाल की खाड़ी से पर्याप्त मात्रा में नमी प्रदेश में पहुंच रही है। इससे सुबह मौसम साफ रहता है, लेकिन दोपहर बाद बादलों का दौर शुरू होता है और हल्की बूंदाबांदी भी हो जाती है। साथ ही, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ का सिलसिला जारी है। इस वजह से शनिवार को भोपाल में कुछ देर के लिए तेज बारिश हो गई।

# अतिक्रमणकारियों के आठ सौ झोपड़ों पर चला बुलडोजर

## ● डीआइजी, कलेक्टर, एसपी ने तीन दिन से नेपानगर में डाल रखा है डेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। वन परिक्षेत्र नेपानगर के जंगल की अवैध कटाई के लिए पानखेड़ा गांव के पास अतिक्रमणकारियों ने ठिकाना बना रखा था। वन भूमि पर अतिक्रमण कर यहां लकड़ी और घास फूस के आठ सौ से ज्यादा झोपड़े बनाए गए थे। रविवार सुबह चार जिलों के एक हजार से ज्यादा जवानों के साथ एसपी राहुल लोढ़ा पानखेड़ा पहुंचे और एकसाथ आठ बुलडोजर चला कर सारा अतिक्रमण साफ करा दिया। बताया जाता है कि अतिक्रमणकारी इन्हीं झोपड़ों में रहकर जंगल की कटाई के साथ ही पुलिस की गतिविधियों पर नजर भी रखते थे।**

### अधिकारियों ने तीन दिन से जंगल में डेरा डाला

इस कार्रवाई के दौरान डीआइजी खरगोन तिलक सिंह और कलेक्टर भव्या मित्तल भी मौजूद थीं। एसपी राहुल लोढ़ा के साथ उन्होंने भी तीन दिन से जंगल में डेरा डाल रखा है। तोड़े गए झोपड़ों में वन चौकी बाकड़ी से बंदूकें लूटने वाले फूल सिंग और रेव सिंग के भी कई झोपड़े शामिल थे।

### अतिक्रमणकारी पानखेड़ा छोड़ कर भाग गए

एसपी ने बताया कि कार्रवाई से पहले ही अतिक्रमणकारी पानखेड़ा छोड़ कर भाग गए थे। इससे पहले पुलिस फोर्स ने शनिवार को सीवल और चारणवाड़ी गांव में कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण कर बनाए गए 18 मकानों को ध्वस्त किया था।

इनमें नेपानगर थाने से अतिक्रमणकारियों द्वारा छुड़ाए गए हेमा मेघवाल के तीन मकानों के अलावा लक्ष्मण, पूनम, विजय, जीवा, दयाराम, शिवा, बाबू सिंग, बाबू, सुडया, छगन, बबलू, प्रताप, अजय आदि के मकान शामिल थे। रविवार को भी सीवल गांव में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। लोग घरों से बाहर नहीं आए और दुकानें भी नहीं खुलीं।

### इन्हें किया है गिरफ्तार

शनिवार को सीवल में अतिक्रमण हटाने के दौरान शासकीय कार्य में बाधा डालने पर पुलिस ने अठारह महिलाओं और पांच पुरुषों को गिरफ्तार किया था। इनमें अमरी बाई, कुंवर बाई, अमरी बाई जेठा मेघवाल, जेठी बाई, मालू बाई, बनी बाई, शांति बाई, शम्मू मेघवाल, जानी बाई, पूरी बाई, मांगीलाल मेघवाल, अर्जुन मेघवाल, प्रेम मेघवाल, गोविंद दयाराम, रानी मेघवाल, सोनिया मेघवाल, माया बाई, गोरी बाई सभी निवासी चारण मोहल्ला सीवल हैं। इसी तरह राठियावाड़ी से सुशीला बाई, कविता बारेला, आरती बारेला, अंजना भिलाला, विनोद बारेला को गिरफ्तार किया गया है।

# इंदौर जा रही बस नीलगाय को बचाने में पलटी

## 50 लोग थे सवार, 9 यात्री घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सोनकच्छ। देवास के सोनकच्छ में नीलगाय को बचाने के चक्कर में 50 यात्रियों से भरी बस पलट गई। हादसा इंदौर-भोपाल हाईवे पर रविवार सुबह करीब 4.30 बजे हुआ। हादसे में 9 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सोनकच्छ सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर देवास रेफर किया गया है। बस की टक्कर से नीलगाय भी घायल हुई है, उसे इलाज के लिए वन विभाग के रेस्ट हाउस ले जाया गया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वर्मा ट्रेवल्स जबलपुर की बस इंदौर जा रही थी। सोनकच्छ में ग्राम रोलु पिपलिया फाटे के पास अचानक नीलगाय बस के सामने आ गई। ड्राइवर ने गाय को बचाने के लिए बस खेत की तरफ मोड़ ली। अनियंत्रित होकर बस 20 मीटर दूर जाकर बिजली के पोल से टकराकर पलट गई। राहगीरों ने हाईवे पर तैनात डायल-100 को सूचना दी। पुलिस ने बस के कांच फोड़कर यात्रियों को निकाला। सोनकच्छ थाना टीआई नीता देअरवाल ने घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया।

### हादसे में ये लोग हुए घायल

सोनकच्छ सिविल अस्पताल के एमएलसी रजिस्टर के मुताबिक, 10 लोग घायल है, जिन्हें देवास रेफर किया है। इसमें लीलावती विश्वकर्मा (60) निवासी तेंदूखेड़ा, चिंटू पासवान, नरेंद्र निवासी बरेली, प्रेम पटेल रायसेन, राजकुमारी तिवारी, नरबदी बाई, प्रेम नारायण तिवारी निवासी देवास, सोनू निवासी बड़वानी, हर्षित धाकड़ निवासी बरेली शामिल हैं। वहीं विद्युत विभाग के हेल्पर रविंद्र परिहार निवासी फावड़ा, बस टकराने के बाद केबल काटने का कार्य कर रहे थे। अचानक पोल धंसने के कारण गिर गए। इससे उनके पैर में चोट आई है।

### हादसे से 7 किमी पहले रुकी थी बस

घटनास्थल से करीब 7 किमी पहले ग्राम पिलवानी में एक ढाबे पर बस का स्टॉप था। जहां बस चालक सहित अन्य सवारियों ने चाय-नाश्ता किया था। बताया जा रहा है कि चालक ने यहां पर रमजान होने से सेहरी की, उसके बाद बस अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

# सीएम को काले झंडे दिखाने से पहले कांग्रेसी गिरफ्तार

## शिवराज बोले- गांव का व्यक्ति अंग्रेजी में कोर्ट के फैसले नहीं पढ़ सकता, यह बड़ी विसंगति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को जबलपुर पहुंचे, यहां उन्होंने हाईकोर्ट के नजदीक महाधिवक्ता भवन का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांव का व्यक्ति अंग्रेजी में दिए कोर्ट के फैसले को नहीं पढ़ सकता। कार्यक्रम से पहले पुलिस ने सीएम को काले झंडे दिखाने के लिए सड़क पर खड़े 8 से 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। ये सभी कलेक्ट्रेट के पास काले झंडे लेकर जमा हुए थे। पुलिस उन्हें जीप में बैठाकर थाने ले गई।**

जबलपुर पहुंचे सीएम ने हाईकोर्ट के सामने अंबेडकर चौक के नजदीक मध्यप्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय के लिए भूमि पूजन किया। 35 करोड़ की लागत से बनने वाला ये महाधिवक्ता कार्यालय 8 मंजिला और सर्व सुविधायुक्त होगा।

### शिवराज बोले- मैं अंग्रेजी का विरोधी नहीं

भूमि पूजन के बाद सीएम शिवराज ने कहा- अंग्रेजों के जमाने के कई ऐसे कानून, जिनकी आज आवश्यकता नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री ने निरस्त किया। हमने भी मध्यप्रदेश में ऐसे कानूनों को समाप्त किया। एक बड़ी विसंगति है कि गांव का व्यक्ति कोर्ट के फैसले को नहीं पढ़ सकता, अगर फैसला अंग्रेजी में है तो...। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो अंग्रेजी नहीं जानते। मैं अंग्रेजी का विरोध नहीं कर रहा। अंग्रेजी का अपना महत्व है, लेकिन मैं मध्यप्रदेश के संदर्भ में बात कर रहा हूं।

### 1840-50 के कानून निरस्त किए

आगे सीएम ने कहा- हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कानून जिनकी आज जरूरत ही नहीं है, ऐसे सैकड़ों कानून निरस्त किए हैं। मध्यप्रदेश में भी हमने इसका प्रयास किया। जो चीजें साल 1840-50 में प्रासंगिक थीं, वो आज नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने अमृतकाल में एक मंत्र दिया ह्यअमृतकाल में न्याय की व्यवस्था। इसके 6 मुख्य स्तम्भ हैं। सभी के लिए न्याय, आसान न्याय, त्वरित न्याय, सस्ता न्याय, गुणवत्तापूर्ण न्याय और आम आदमी को समझ में आने वाली भाषा में न्याय।

### नर्मदा एक्सप्रेस वे बनाना मेरा ड्रीम

सीएम ने कहा मेरा ड्रीम प्रदेश में नर्मदा एक्सप्रेस वे बनाना है। इसको मैं किसी भी हालत में पूरा करके रहूंगा। प्रदेश में पूर्व से पश्चिम को प्रदेश को चीरते हुए नर्मदा एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। जिसकी पूरी कल्पना हो चुकी है। साथ ही डिजाइन भी तैयार हो चुकी है। इस एक्सप्रेस वे मात्र सड़क नहीं होगी। इसके दोनों तरफ इंडस्ट्रियल एरिया, टाउनशिप विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा देश की सबसे बड़ी रिंग रोड साढ़े 3 हजार करोड़ की संस्कारधानी में बनाई जा रही है।

## संपादकीय

### क्या रहा हासिल ...?

अगर खुद केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में दो सौ उनासी नदियों के अलग-अलग राज्यों में पहुंच कर प्रदूषित होने का तथ्य दर्ज हो रहा है, तो आखिर इस मसले पर घोषित और अमल में लाई गई योजनाओं पर काम करने का तौर-तरीका और हासिल क्या रहा है? हालत यह है कि शहरों-महानगरों में बहने वाले नालों, स्थानीय स्तर पर निकलने वाला गंदा पानी से लेकर विभिन्न वस्तुएं बनाने वाले कारखानों से निकले कचरा या रासायनिक घोल को धड़ल्ले से नदियों में बहाया जाता है। सरकारों को इसकी पहचान करने में भी बहुत मुश्किल नहीं है। तमाम कवायदों और सदिच्छाओं के बावजूद हकीकत यह है कि देश भर में कई नदियों में प्रदूषण का स्तर इस कदर गहरा गया है कि मनुष्य के लिए मौजूदा हालत में उनकी उपयोगिता अब घटती जा रही है। बल्कि कुछ नदियों का पानी पीने लायक तो दूर, नहाने के लिए भी सुरक्षित नहीं रहा। हाल ही में केंद्र सरकार ने संसद में यह जानकारी दी कि प्रमुख नदियां देश के सभी राज्यों में प्रदूषित हो रही हैं। संसद में पेश इस जानकारी का आधार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की पिछले दिनों एक रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि देश भर में दो सौ उनासी नदियां ऐसी हैं, जो तीन सौ ग्यारह जगहों पर पहुंच कर प्रदूषित हो रही हैं। यह स्थिति अपने आप में बताने के लिए काफी है कि लंबे समय से नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लागू योजनाओं के नतीजे घोषित मकसद के मुताबिक सामने नहीं आ पा रहे हैं। सवाल है कि अगर सरकार किसी योजना को अमल में लाने की बात कहती है तो उसे वास्तव में जमीन पर उतारने को लेकर उसकी क्या जिम्मेदारी होती है! नदियों के प्रदूषित होने और उसके कारणों को चिह्नित करके उसे दूर करने के उपाय तैयार करने की एक प्रक्रिया होती है। आखिर क्या कारण है कि इस बात का अध्ययन तो कर लिया जाता है कि इतनी ज्यादा संख्या में नदियां तीन सौ से ज्यादा जगहों पर प्रदूषित हो रही हैं, मगर इस समस्या को दूर करने को लेकर नतीजा देने वाली कोई ठोस पहल प्रत्यक्ष नहीं दिखती। यों कहने को प्रदूषण से बेमानी हो चुकी और कई जगहों पर गंदा नाला बनती जा रही नदियों को स्वच्छ बनाने की सदिच्छाओं और घोषणों में कमी नहीं रही है। केवल गंगा और यमुना के पानी को ही साफ बनाने के लिए 'नमामि गंगे0 या 'यमुना कार्ययोजना0 जैसी महत्त्वाकांक्षी योजनाएं सालों से चल रही हैं, मगर इन नदियों की स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आया।

**सैर सपाटा**

# ऋषिकेश जाएं तो जरूर लें इन एक्टिविटीज का मजा सफर बन जाएगा यादगार



देवभूमि उत्तराखंड को देश के मशहूर पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। उत्तराखंड जाने वाले पर्यटक ऋषिकेश को अपनी घूमने की लिस्ट में शामिल जरूर करते हैं। गर्मी के मौसम में अगर आप एक्टिविटीज का मजा लेना चाहते हैं तो आप ऋषिकेश जा सकते हैं। यहां पर जाने से पहले अगर आप अपनी ट्रिप को यादगार बनाना चाहते हैं तो लिस्ट में कुछ एक्टिविटीज को शामिल करें।

## ऋषिकेश में क्या करें

### 1) फ्लाइंग फॉक्स

इस एक्टिविटी में एक साथ 3 लोग हिस्सा ले सकते हैं। इसे पूरा करने में 45 से 60 मिनट लगते हैं। ये एक्टिविटी खूब सारी मस्ती और एक्साइटमेंट से भरपूर है।  इस एक्टिविटी के दौरान आप तार की रस्सी पर बंधे और जुड़े होते हैं ।

### 2) पेंटबॉल

ये एक ऐसा मजेदार गेम है जिसमें आपको स्पीड और स्ट्रेटेजी को मेंटेन करना होता है। ऋषिकेश में मौजूद पेंटबॉल एक्टिविटी एक तरह की छुपन छुपाई है। इस टीम बिल्डिंग एक्टिविटी का मजा एक बार जरूर लें।

### 3) क्लिफ जम्पिंग

ऋषिकेश में रिवर राफ्टिंग कर रहे हैं तो इस एक्टिविटी का मजा जरूर लें। इस एक्टिविटी में आपको एक चट्टान से पानी में कूंदना होता है। ये करीब 30-40 फीट ऊंचा होता है।

### 4) कायाकिंग

ऋषिकेश में कायाकिंग काफी ज्यादा फेमस है। इस एक्टिविटी का मजा लेने दूर-दूर से लग पहुंचते हैं। इन बोट्स को इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकी ये तेजी से बहती नदी में चल सकें। इसलिए ऋषिकेश में बहती गंगा में इस एक्टिविटी को करने का मजा अलग है।

### 5) कैम्पिंग

ऊंचे पहाड़ों के बीच में बहती नदियों के किनारे कैम्पिंग करना किसी फिल्मी अनुभव से कम नहीं है। पार्टनर के साथ यहां जाएं तो रात के समय तारों से भरा खुला आसमान देखें। ये किसी जादुई दुनिया का अहसास करवा सकता है।

## Highlights

1. **Mock drills at hospitals today & tomorrow amid rising COVID cases**
2. **Putin called me a war criminal, so he's not exactly my best friend: Elon Musk**
3. **We always have been independent: BBC after Twitter labels it 'govt funded media'**
4. **Musk shares pic of Twitter sign outside SF HQ, says 'Can't remove 'w' legally'**
5. **Most officers appointed through UPSC are 'dacoits': Union Minister Tudu**
6. **Imran Khan praises India's foreign policy, says 'Pak wanted cheap Russian oil too'**
7. **Aerial view of Ram Mandir site in Ayodhya captured by Devendra Fadnavis**

# Adani Power begins electricity supply from Jharkhand plant to Bangladesh

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Power Ltd (APL), a part of the diversified Adani Group, has commissioned the first 800 MW ultra-super-critical thermal power generation unit at Godda in Jharkhand. The plant has started with supplying 748 MW of power to Bangladesh, a company statement said.

The electricity supplied from Godda will significantly improve the situation in the neighbouring country as it will replace expensive power generated from liquid fuel, bringing down the average cost of power purchased, it stated.

"The Godda Power Plant is a strategic asset in the India-Bangladesh's long-standing relationship," said S B Khyalia, CEO of Adani Power, in the statement.

It is the first power plant in the country, which has started its operations from Day One with 100 per cent Flue Gas




Desulphurization (FGD), SCR and Zero Water Discharge, it stated.

In November 2017, Bangladesh Power Development Board (BPDB) executed a long-term Power Purchase Agreement (PPA) with APL's wholly-owned subsidiary Adani Power Jharkhand Ltd (APJL) to procure 1,496 MW net capacity power from 2X800 MW ultra-supercritical power project at Godda.

It is expected to commission its second 800 MW unit soon, it stated.

Bangladesh has one of the largest liquid fuel-based power generation plants in the Indian sub-continent region. The installed capacity of heavy fuel oil (HFO)-based plants is about 6,329 MW and high-speed diesel (HSD)-based plants is about 1,290 MW, totaling to over 7,600 MW.

Though at present, Bangladesh has long-term PPA ties with three other imported coal-based generators, the total tariff of Godda plant is competitive compared to peers, it stated.

# KPMG, Goldman Sachs sued over Silicon Valley Bank collapse

**NEW DEIHI, (Agency).** KPMG LLP was sued as Silicon Valley Bank's auditor, along with underwriters including Goldman Sachs Group Inc., Bank of America Corp. and Morgan Stanley & Co. in an investor lawsuit based on alleged misstatements leading to the bank's collapse.

Similar to previous suits, a complaint filed Friday in the federal court in San Francisco names Silicon Valley Bank Chief Executive Officer Greg Becker and other bank directors and officers as defendants. The complaint appears to be the first to target the bank's auditors and underwriters.

Collectively, the defendants "misrepresented the strength of the company's balance sheet, liquidity, and position in the market," according to the lawsuit. The executives, auditor and




underwriters "understated and concealed the magnitude of the risks" facing the bank, which undermined the value of its own securities portfolio, it said.

KPMG, Goldman Sachs, Bank of America, Morgan Stanley and Keefe, Bruyette & Woods, Inc., which is named as an underwriter defendant, didn't return emails late Friday seeking comment on the lawsuit.

SVB collapsed last month following bets on bonds that lost value as interest rates rose. Its venture capital clients began drawing down deposits en masse, forcing the lender to sell assets at losses and setting off a panicked run on the bank. SVB's parent company filed for Chapter 11 bankruptcy.

Friday's lawsuit claims the underwriters issued misleading registration statements on the bank's stock offerings that contained "untrue statements of material facts."

## Jharkhand

# जमशेदपुर में रामनवमी के बाद फिर हिंसा, उपद्रवियों ने दुकानें जलाईं, वाहन तोड़े, धारा-144 लागू



**जमशेदपुर, (एजेंसी)** झारखंड में रामनवमी के बाद एक बार फिर हिंसा भड़क उठी. जमशेदपुर के शास्त्रीनगर में एक धार्मिक झंडे के अपमान के बाद दो गुटों के बीच पथराव के बाद जमकर आगजनी की गई. भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े. फिलहाल प्रशासन ने क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक जमशेदपुर में शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 स्थित जटाधारी हनुमान अखाड़ा का झंडा उतारने के दौरान झंडे के बांस में मांस का टुकड़ा पाया गया. यह देखकर हिंदूवादी संगठन भड़क उठे. उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया. इसके बाद देखते ही देखते दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए. हालांकि उस समय प्रशासन ने किसी तरह मामला शांत करा दिया लेकिन आरोप है कि रविवार को मंदिर कमेटी के लोग बैठक कर रहे थे तभी दूसरे समुदाय के लोगों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे लोग फिर से आक्रोशित हो उठे और दोनों तरफ से पत्थरबाजी शुरू हो गई.

इसके बाद इलाके में हिंसा फैल गई. उपद्रवियों ने आगजनी शुरू कर दी. दुकानों में आग लगा दी. कई वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी. हालात की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने उपद्रवियों को नियंत्रित करने क कोशिश की. इस दौरान उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. हिंसक झड़प में 6 पुलिसकर्मी जख्मी भी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. फिलहाल पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है. इसके अलावा प्रशासन ने बढ़ते हिंसा को देखते हुए धारा-144 को लागू कर दिया है.

## Rajasthan

# लॉरेंस गैंग का डर दिखाकर दो करोड़ की रंगदारी मांगी, 007 गैंग के सरगना समेत चार बदमाश गिरफ्तार



**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर पुलिस की गिरफ्त में आए बदमाश 007 गैंग का सरगना हरेन्द्र उर्फ हरि खुडीवाल, रूपेश कुमार, राजू नोगिया और नीरज गिरी हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रथम), कैलाश चन्द बिश्नोई ने सक्रिय गैंग्स के सदस्यों, हथियारों की नोंक पर इलाकों में दहशत फैलाने और रंगदारी- फिरौती मांगने वालों के खिलाफ पुख्ता कार्रवाई करने के लिए पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राशि डोगरा डूडी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर सुमन चौधरी, सहायक पुलिस आयुक्त, रामगंज जयपुर उत्तर सुनील शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त जयपुर कमिश्नरेट चिरंजीलाल मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की थी। 7 अप्रैल को परिवादी लाल कुमार पुत्र बूचनराय ने पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर में एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैं 19 ए शंकर कॉलोनी, बास बदनपुरा गलतागेट जयपुर में रहता हूं और दुल्हा हाउस बापू बाजार में मेरी कपड़े की दुकान है। 6 ।अप्रैल को मैं दूल्हा हाउस बापू बाजार में दुकान पर बैठा था। दोपहर 2 :27 बजे मेरे फोन पर मोबाइल नम्बर 9898012699 से फोन आया और मुझसे 2 करोड़ रुपए की मांग की।

## Uttarpradesh

# बच्चों की लड़ाई में गन लेकर पहुंच गए पड़ोसी, फायरिंग में महिला समेत दो की मौत

**मेरठ, (एजेंसी)** मेरठ के थाना खरखौदा क्षेत्र के गांव में रविवार रात दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई. फायरिंग में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है. बताया जा रहा है कि बच्चों के झगड़े में एक ही समुदाय के दो पक्ष भिड़ गए और उनमें फायरिंग हो गई था. पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मामला मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव का है. बताया जा रहा है कि दो दिन पहले बच्चों की लड़ाई इतनी बढ़ गई कि झगड़ा बड़ों तक पहुंच गया. शुक्रवार को ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कर दिया, लेकिन रविवार रात फिर दोनों ही पक्षों में टकराव हो गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. इसके बाद उन्होंने एक-दूसरे पर फायरिंग शुरू कर दी. फायरिंग में मेहराज और एक महिला अफरोज गोली लगने से घायल हो गईं. मेहराज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला कि इलाज के समय मृत्यु हो गई. इलाके में गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया. सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और शांति बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस तैनात की है. इस घटना के बाद दोनों ही पक्ष फरार बताए जा रहे हैं.

## Maharashtra

# अकोला में मंदिर के टिनशेड पर गिरा भारी-भरकम पेड़, कम से कम 7 की मौत; कई घायल



**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के अकोला में बारिश कम से कम सात लोगों के लिए काल बन गई। यहां बालापुर तहसील के पारस गांव में एक मंदिर के टिनशेड पर भारी-भरकम पेड़ गिर गया। इसके बाद कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। दरअसल रविवार को यहां बारिश हो रही थी और तेज हवाएं भी चल रही थीं। ऐसे में मंदिर के पास का ही पेड़ जड़ से उखड़ गया और मंदिर के टिनशेड पर आ गिरा।

गांव में बाबूजी महाराज मंदिर संस्थान है। यहीं पर नीम का काफी पुराना पेड़ था। पेड़ गिरने के बाद आसपास के लोग बचाव के लिए दौड़े। कई लोग टिनशेड के नीचे दब गए थे। पुलिस को भी लोगों ने इस बात की सूचना दी। वहीं मौके पर एंबुलेंस भी पहुंची और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। पेड़ को हटाने और लोगों को निकालने के लिए जेसीबी बुलवाई गई। अकोला जिले की कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने पुष्टि की कि दर्दनाक हादसे में कम से कम सात लोग मारे गए हैं और 30 से 40 लोग घायल हो गए हैं। उनका इलाज पास के ही अस्पताल में चल रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को अकोला के सिविल अस्पताल भेजा गया है। बता दें कि मौसम विभाग ने महाराष्ट्र में अगले दो दिनों तक कई जगहों पर बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## खेल

# रिंकू ने धोनी को पीछे छोड़ा, राशिद की टी20 में चौथी हैट्रिक, अहमदाबाद में बने ये रिकॉर्ड



**अहमदाबाद, (एजेंसी)** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस मैच में गुजरात के कप्तान राशिद खान ने हैट्रिक भी ली, लेकिन कोलकाता को 205 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करने से नहीं रोक सके। इस मैच में एक-एक कर कई रिकॉर्ड बने और टूटे। आइए पहले जानते हैं मैच में क्या हुआ?

गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट खोकर 204 रन बनाए। गुजरात के लिए विजय शंकर ने नाबाद 63, साई सुदर्शन ने 53 और शुभमन गिल ने 39 रन की पारी खेली। वहीं, कोलकाता के लिए सुनील नरेन ने तीन और सुयश शर्मा ने एक विकेट लिया। इसके जवाब में कोलकाता ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 207 रन बनाए और मैच जीत लिया। कोलकाता के लिए वेंकटेश अय्यर ने 83, नीतीश राणा ने 45 और रिंकू सिंह ने नाबाद 48 रन बनाए। गुजरात के लिए राशिद खान ने तीन और अल्जारी जोशेफ ने दो विकेट लिए। जोशुआ लिटिल और मोहम्मद शमी को एक-एक विकेट मिला।

आखिरी ओवर में चेज हुए 29 रन

इस मैच के आखिरी ओवर में कोलकाता को जीत के लिए 29 रन की जरूरत थी और रिंकू सिंह ने यश दयाल के ओवर में लगातार पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। आईपीएल के इतिहास में पहली बार कोई टीम आखिरी ओवर में इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने में सफल रही है। इससे पहले 2016 में राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 23 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में महेंद्र सिंह धोनी ने अक्षर पटेल के ओवर में चार छक्के लगाए थे। 2022 में गुजरात ने हैदराबाद के खिलाफ आखिरी ओवर में 22 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

सबसे महंगा स्पेल करने वाले गेंदबाजों में शामिल हुए यश दयाल

यश दयाल ने अपने आखिरी ओवर में 31 रन दिए और चार ओवर के स्पेल में कुल 69 रन खर्चे। उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। इसके साथ ही वह आईपीएल के एक मैच में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाजों में शामिल हो गए। आईपीएल के एक मैच में सबसे ज्यादा रन लुटाने का रिकॉर्ड बेसिल थंपी के नाम हैं, जिन्होंने 2018 में हैदराबाद के लिए खेलते हुए बैंगलोर के खिलाफ 70 रन खर्च किए थे। यश दयाल उनके बाद दूसरे नंबर पर हैं। ईशांत शर्मा इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं, उन्होंने हैदराबाद के लिए खेलते हुए 2013 में चेन्नई के खिलाफ 66 रन दिए थे। मुजीब उर रहमान भी 66 और उमेश यादव 65 रन लुटा चुके हैं।

## सिनेमा

# इंग्लिश न बोल पाने पर मुझे जलील करता था...करण जौहर की हिंदी के कंगना रनौत ने यूं लिए मजे



बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर करण जौहर ने एक क्रिप्टिक पोस्ट इंस्टाग्राम पर किया तो फैंस जानते थे कि कुछ ही देर में कंगना रनौत का भी रिएक्शन आने वाला है। ऐसा हुआ भी, कंगना रनौत ने करण जौहर की इंस्टास्टोरी वाले स्क्रीनशॉट के साथ अपने विचार भी शेयर कर दिए। करण जौहर ने दरअसल एक कविता के रूप में लिखा था कि उन पर आरोप लगाने वाले चाहे कितना ही ब्लेम-गेम खेलते रहें लेकिन उनका कर्म ही उनकी अंतिम विजय है। करण जौहर ने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'लगा लो इल्जाम हम झुकने वालों में से नहीं। झूठ के बन जाओ गुलाम, हम बोलने वालों में से नहीं। जितना नीचा दिखाओगे, जितना आरोप लगाओगे... हम गिरने वालों में से नहीं। हमारा कर्म हमारी विजय है, आप उठा लो तलवार... हम मारने वालों में से नहीं।' इसके कुछ ही देर बाद कंगना रनौत ने इस स्क्रीनशॉट को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर कर दिया और अपना जवाब भी लिखा। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, 'एक वक्त था जब चाचा चौधरी एलीट नेपोटिज्म माफिया वालों के साथ नेशनल टेलीविजन पर मुझे इनसल्ट और बुली करता था क्योंकि मैं इंग्लिश नहीं बोल पाती थी।

# एक लाख की बीयर और शराब जब्त

इंदौर। **आबकारी की टीम लगातार शराब के अवैध धंधे में लिप्त आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में महू क्षेत्र में एक आरोपी के घर टीम ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में बीयर और देशी शराब की पेटी बरामद की है। जब्त माल की कीमत करीब एक लाख रूपए बताई जा रही है।**

शहर के साथ आसपास सटे ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर शराब का अवैध कारोबार चल रहा है। इन धंधों में लिप्त आरोपियों के यंहा लगातार आबकारी की टीम दबिश देकर अवैध शराब जब्त कर रही है। पिछले कई दिनों से लगातार टीम कार्रवाई कर अब तक दस लाख रूपए से अधिक की शराब जब्त कर चुकी है। इसी कड़ी में महू क्षेत्र में कार्रवाई की गई। कंट्रोलर राजीव मुदगल ने बताया कि टीम ने वृत्त महू,मालवा मिल अ,मालवा मिल ब व आंतरिक क्षेत्र 2 द्वारा महू गांव में दबिश दी गई। इस दौरान टीम ने आरोपी आनंद उर्फ चीकू पिता सुनील लोट(29) निवासी महू गांव के पास से 29 केन बीयर,50 पाव देशी मसाला, 18 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद की है। जब्त मदिरा की कुल मात्रा करीब 26.74 ब लीटर है। वहीं करीब एक लाख रूपए का माल इस कार्रवाई में जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिर तार कर लिया गया है।

# तीन युवकों के मोबाइल लूटे, एक घटना में आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **तीन स्थानों पर बाइक सवार बदमाशों ने तीन लोगों के मोबाइल लूट लिए। एक घटना में दो आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि दो में आरोपियों की तलाश की जा रही है।**

पुलिस को फरियादी देशराज पिता राम सेवक यादव निवासी साईं बाबा नगर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह प्रजापत नगर से पैदल पैदल घर जा रहा था। मोबाइल फोन पर बात करने के दौरान बाइक सवार दो बदमाश उसे धक्का देकर मोबाइल छीनकर भागने लगे शोर मचाया तो लोगों ने पीछा कर दो आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों के नाम गोलू उर्फ अमित पिता राजेश कुमार और हेमंत पिता नारायण भिलाला दोनों निवासी सुदामा नगर झुग्गी झोपड़ी। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है । इसी प्रकार फरियादी रोबिन पिता नवरंग निवासी हरदा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मैं बीती रात इंदौर आया और नौलखा स्थित हार्डिया टेंट हाउस के पास मोबाइल फोन पर दोस्त के घर की लोकेशन देख रहा था तभी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश आए और धक्का देकर मोबाइल फोन लूट कर भाग गए। भंवरकुआं पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है।

इसी प्रकार राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश झपट्टा मारकर एक युवक का मोबाइल छिनकर भाग निकले। पुलिस ने बताया कि बलराम पिता गुलाबसिंह डाबर निवासी ग्राम पुरा थाना टांडा जिला धार हाल मुकाम मिश्राजी गार्डन के पास जवाहर नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कल वह जवाहर नगर से जा रहा था, तभी पीछे से आए बदमाश ने झपट्टा मारा और मोबाइल छिनकर भाग निकला। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## मोबाइल लूटने वाली गैंग पकड़ाई

इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में राहगीरों का मोबाइल लूटने वाले गैंग के सदस्यों को पुलिस ने गिर तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व चाकू बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आयुष विश्वकर्मा पिता रमेश विश्वकर्मा निवासी रामजीवाटिका ने तेजाजी नगर थाने में 7 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने दोस्त अथर्व चौहान के साथ स्कूटी से खंडवा नाका से खंडवा रोड होते हुए अपने घर जा रहा था तभी रात्रि में जब वह चैतन्य स्कूल के सामने मछलीफार्म के पास पहुंचा तो एक मोटरसाइकल पर पांच लोग सवार होकर उसके पीछे आये और उन्हें रोका चार लोगों के हाथों में चाकू थे व मोटरसाइकल चला रहे व्यक्ति ने बोला कि इन दोनों के मोबाइल छीन लो फिर उनसमें से एक ने फरियादी को थप्पड मारकर उसका मोबाइल छीनल लिया और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात अरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान गश्ती टीम को कुछ संदिग्ध युवक मिले जिन्हें रोककर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम रोहित राठौर पिता रमेश राठौर (19) निवासी असरावद खुर्द,बबलू चौहान पिता बद्रीलाल चौहान (22) निवासी मालवीय नगर खजराना,सन्नू उर्फ सनद पिता महेश मंडलोई (20) निवासी असरावद खुर्द,रोहित बालू पिता दिलीप (25) निवासी शिवबाग कोलनी खजराना और रोहित उर्फ लल्ली राजौरिया (18) निवासी असरावर्द खुर्द बताया। इन सभी से स ती से पूछताछ की गई तो अरोपियों ने घटना घटित करना स्वीकर किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू व मोटरसाइकल बरामद कर ली है वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# युवती से छेड़छाड, विरोध करने पर धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती के साथ में आरोपी ने छेड़छाड़ की आरोपी ने युवती का पीछा किया और उसके साथ में छेड़छाड की। विरोध करने पर धमकाया कि फोटो वायरल कर देगा अनिकेत मीणा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अनिकेत फिरायदी का बुरी नीयत से पीछा किया उसने उसकी और ध्यान नहीं दिया। इस पर आरोपी ने आकर उसके साथ में हरकत करना शुरू कर दिया जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने फोटो वायरल करने की धमकी दी।

## महिला से हरकत

इसी प्रकार खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ आरोपी ने घर में घुसकर अश्लील हरकत की। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे पानी भरने का लालच दिया। इसके बाद भी वह नहीं माने तो आरोपी ने उनके साथ में मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी मनोज यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि पति काम पर गए थे। वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी जबर्दस्ती घर में घुस आया इसके बाद उसके साथ में अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर दी। इतना ही नहीं जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया।

# किशोरी का फोड़ा सिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गौतमपुरा में आरोपी ने एक किशोरी का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने राज योगी निवासी रणजीत हनुमान मंदिर के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घर में घुस आया था उसे अकेला पाकर छेड़खानी करना शुरू कर दिया। उसने आरोपी का विरोध किया तो उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया इससे उसके सिर में चोट आई और खून निकलने लगा।

# चेन स्नैचर गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

## मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भंवरकुंआ पुलिस ने चेन स्नैचर गैंग के दो सदस्यों को गिर तार किया है। वहीं इनके कब्जे से दो मोबाइल एंव घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है।**

भंवरकुंआ टीआई शशिकांत चौरसिया ने बताया कि गिर त में आए आरोपियों ने भंवरकुंआ थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग एंव द्वारकापुरी क्षे6 के 60 फीट रोड से फरियादी के हाथों से झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया था। इन मामलों में आरोपियों की सतत तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर हेमंत ठाकुर निवासी सुदामा नगर और गोलू उर्फ अमित निवासी सुदामा नगर को गिर तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने भंवरकुंआ और द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम देना कबूल किया। गिर त में आए आरोपी आदतन अपराधी हैं और इन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

## बैटरी चुराकर भाग रहा आरोपी पकड़ाया

इंदौर। भंवरकुंआ में पुलिस ने एक चोर को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी एक ट्रक से बैटरी चुराकर ले जा रहे थे इसी दौरान गाड़ी मालिक वंहा पर आ गया। उसने जब विरोध किया तो एक आरोपी ने उनके हाथ पर काट लिया। इस पर मालिक भी घायल हो गया। मनोज पिता घनश्याम कौशल निवासी बाबूलाल नगर पालदा की शिकायत पर विजय पिता जगदीश और एक अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि पालदा में मिनी ट्रक खड़ा हुआ था। इसी दौरान दो आरोपी गाड़ी से बैटरी निकाल रहे थे। वहां पर पहुंचे तो उन्होंने चोरी करते हुए देखा। इस पर शोर मचाया और आरोपियों को रोकने की कोशिश की इस पर आरोपी बैटरी निकाल कर भागने की कोशिश करने लगे जब उनसे बैटरी लेने का प्रयास किया तो एक ने उनके हाथ में काट लिया शोर सुनकर भाई चेतन कौशल व अजय आ गए। इस पर भाग रहा एक आरोपी अजय नीचे गिर पड़ा उसे उठाया और पुलिस के हवाले कर दिया।

## 50 कोर्ट मुंशी के ट्रांसफर

**इंदौर।** लंबे समय से एक ही थानों में कोर्ट मुंशी एंव रीडर का काम देख रहे 50 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर इधर उधर किया गया है। शहर के चारों झोन के एसीपी कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले थानों में पदस्थ ऐसे कोर्ट मुंशी व रीडर दोनों को बदला गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लंबे समय से उनके तबादले नहीं किए गए थे और वह बेरोकटोक अपना काम कर रहे थे। कुछ तो ऐसे थाना प्रभारियों के चहेते थे जिनका ट्रांसफर पहले हो चुके हैं लेकिन फिर बी वह थाने में जमें हुए थे। बताया जा रहा है कि इन कोर्ट मुंशी को हटाने के लिए चारों झोनों के डीसीपीयों ने अनुशंसा की थी इसके बाद इनका ट्रांसफर किया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट और थानों के बीच समन्वय बनाने का काम कोर्ट मुंशी और लीडर ही करते हैं।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।